## न्यूज ब्रीफ

### मीरगंज से पांच ड्रम डीजल बरामद

**मीरगंज, अमृत विचार :** सोमवार को डीजल का अवैध भंडारण करने की सूचना पर एसडीएम ने आपूर्ति विभाग एवं पुलिस की टीम के साथ गांव नगरिया कल्यानपुर में एक ग्रामीण के घर छापा मारा। टीम ने ग्रामीण के घर से डीजल जैसे तरल पदार्थ के पांच ड्रम बरामद किए। एसडीएम अलोक कुमार ने बताया आपूर्ति विभाग मामले की जांच कर रहा है। जांच रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी। टीम को मौके पर एक हजार लीटर ड्रमों में भरा मिला। जिसमें काश्तकार कृषि वाहन में इस्तेमाल होने के लिए 800 लीटर के चार वाहनों के पेपर दिखा सका। 200 लीटर डीजल के पेपर नहीं दिखा सका।

### ब्लॉक में खुली प्रेरणा कैंटीन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** ब्लॉक बहेड़ी में सोमवार को प्रेरणा कैंटीन का शुभारम्भ हुआ। प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी ने किया। खंड विकास अधिकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत चुपकिया से एकता महिला स्वयं सहायता समूह की दीदी कैंटीन का संचालन करेंगी।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुटे भाजपाई

**बिशारतगंज अमृत विचार ।** सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताया साथ ही पदाधिकारियों को काम करने के तौर तरीके भी बताए गए। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कश्यप ने बताया कि सभी कार्यक्रम सूचीबद्ध तरीके से किए जाएंगे इसमें कुल 7 सत्र लगाए जाएंगे ।

# मासूम को अगवा करने की 48 घंटे में सुलझाई गुत्थी

## बस में भरोसा दिलाकर नौ वर्षीय बालक को किया था अगवा

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज बस के सफर में नजदीकी बढ़ाकर 9 माह के मासूम अरुण को लेकर फरार हुई आरोपी बिंदा उर्फ रजनी को फरीदपुर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने पितांबरपुर रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी महिला को दबोचते हुए उसके कब्जे से अपहृत बच्चा अरुण तथा एक अन्य बच्चा लवियांश (करीब साढ़े तीन वर्ष) को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

बताया गया कि हरदोई जनपद के मिरगवां निवासी सोनहूला पत्नी अमित कुमार ने अपने 9 माह के बच्चे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्विलांस टीम की मदद से घटना का खुलासा किया। पूछताछ में आरोपी बिंदा उर्फ रजनी, निवासी हसनपुर रजापुर (मेरठ) ने बताया कि वह 17 मार्च को अपने तीसरे पति सुरेंद्र के बेटे लवियांश के साथ बस से सफर कर रही थी। हरदोई बस अड्डे पर उसे पीड़िता महिला मिली, जो आर्थिक तंगी से परेशान थी। आरोपी ने भरोसा जीतकर उसे अपने साथ फरीदपुर ले आई। बीसलपुर रोड तिराहे पर बस रुकने पर आरोपी ने मीठी बातों में उलझाकर बच्चे को गोद में ले लिया और मोबाइल ठीक कराने का बहाना कर चली गई। बाद में पैसे दिलाने का झांसा देकर बैंक जाने की बात कहकर महिला को बहलाया और दोनों बच्चों को लेकर फरार हो गई।



बच्चों को परिजन को सौंप दिया गया। ● अमृत विचार

### पति को ऐसा हुआ था शक



बिंदा ने बताया कि दोनों बच्चों को लेकर बैंक न जाकर पहले पति गुड्डू पुत्र जगदीश निवासी खनी नवादा, नगरिया कला थाना फतेहगंज पूर्वी के पास पहुंची और बताया कि यह उसके दोनों बच्चे हैं जिस पर गुड्डू ने उन बच्चों को अपना मानने से इंकार कर दिया। महिला ने बताया पति को उस पर शक हो गया। महिला को डर था कि गुड्डू उसकी कहानी की पोल न खोल दे इसलिए सोमवार को दोनों बच्चों को लेकर भागने की फिराक में पितांबरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां से पुलिस स्टेशन गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम, उपनिरीक्षक सतेंद्र मौतेला सर्विलांस टीम उप निरीक्षक जसवीर सिंह, सौरभ शिवाच, कांस्टेबल अजय, राहुल, राजकुमार, प्रज्ज्वल पावर महिला कांस्टेबल रीतू मोनिका मालिक, पुलिस के अनुसार महिला के साथ और भी लोग जुड़े हैं जिनका नाम मुकदमे में बढ़ाया जाएगा।

# अब पालिका के सभासदों को मनाने का डाला जाल

संवाददाता, बहेड़ी

- बहेड़ी के धोबी तालाब को हथियाने का मामला
- नगर पालिका के 15 सभासदों ने मुख्यमंत्री से की है शिकायत
- बड़ा सवाल : क्या सभासदों के बैकफुट पर आने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा

**अमृत विचार :** धोबी तालाब को हथियाने के लिए बिछाए गए जाल के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले सभासदों पर ही जाल डाल दिया गया। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र लिखे जाने की जानकारी मिलते ही तालाब हथियाने वाले सक्रिय हुए, और सभासदों को मनाने के लिए जाल बिछा दिया। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सभासद बैकफुट पर चले गए, तो नगर पालिका की ज़मीन चली जाएगी, या फिर शासन -प्रशासन इस मामले में जांच कर नगर पालिका की ज़मीन को उनके चंगुल से छुड़ा देगा।

नगर पालिका के धोबी तालाब की ज़मीन को हथियाने के लिए जाल बनाने का पर्दाफाश होने पर नगर पालिका के 15 सभासदों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा था। नगर पालिका के धोबी तालाब का 960 हेक्टेयर रकबा जिस खाते में है, उसी खाते के 4 छोटे -छोटे सह खातेदारों के नाम मात्र 114 हेक्टेयर क्षेत्र फल है, लेकिन कुरा बंदी में खेल कर चारों छोटे छोटे सह खातेदारों को सड़क किनारे की कीमती ज़मीन का मालिक बना दिया गया, और धोबी तालाब को पीछे कर दिया गया। नगर पालिका ने इस कुराबंदी का कोई विरोध नहीं किया, और न ही अब भी नगर पालिका इस मामले में कोई कदम उठा रही है।सभासदों ने अपने शिकायती पत्र में तो सीधा आरोप नगर पालिका पर मिलीभगत करने का लगाया था।

नगर पालिका के सभासदों ने यह शिकायत सोमवार को तहसील में आयोजित होने वाले समाधान दिवस में करने का भी प्लान बनाया था, लेकिन इसकी भनक तालाब हथियाने वालों को लग गई, और उन्होंने सभासदों को समाधान दिवस तक न पहुंचने देने के लिए जाल बिछा दिया।

सूत्रों के मुताबिक रविवार की देर तक इन लोगों ने कुछ सभासदों को घेर कर काफी मान मुनव्वल की। बताते हैं कि कुछ ''बातचीत'' (निगोसीएशन) के बाद सभासद इस बात पर राज़ी हो गए कि सोमवार को समाधान दिवस में शिकायत नहीं करेंगे, और यहां सभासदों ने शिकायती पत्र तो दिया, लेकिन उसमें से धोबी तालाब वाला मुद्दा गायब था।

अब सवाल यह खड़ा होता है कि सभासदों को शिकायत न करने के लिए राज़ी कर लेने के बाद यह मुद्दा दफन हो जाएगा, और बिछाए गए जाल के हिसाब से नगर पालिका की ज़मीन उससे चली जाएगी, या फिर प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर जांच कराने की पहल करेगा। सवाल यह भी है कि इस मुद्दे को राजनीतिज्ञ या समाजसेवी भी नज़रअंदाज़ कर देंगे।



कूड़े से पाटा जा रहा है धोबी तालाब। ● अमृत विचार

### .. और फिर अस्पताल व सड़क का मुद्दा उठाया

सभासदों ने समाधान दिवस में सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के चलते मरीज़ों को सही इलाज न मिलने, केसर मिल को बनवाए जाने और नैनीताल रोड़ पर हुए गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग रखी।



कालेज परिसर से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाई गई। ● अमृत विचार

### शहीद दिवस पर निकाली पदयात्रा

**रिठौरा, अमृत विचार :** शहीद दिवस पर सोमवार को खंडेलवाल कालेज से पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के अमर शहीदों , भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करना ।कार्यक्रम में माय भारत की उपनिदेशक पुष्पा सिंह एवं भूपेंद्र सिंह , महाविद्यालय के महानिदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार एवं प्राचार्य डॉ. आर .के. सिंह ने वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान शहीदों की याद में एक जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। प्रतिभागियों ने तिरंगा झंडा, पोस्टर एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# बच्चों ने किया आईवीआरआई का भ्रमण

**शेरगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए सोमवार को राष्ट्रीय पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर के लिए रवाना किया गया। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत बच्चों के शैक्षिक विकास के तहत भ्रमण कराया गया। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर पहुंचे बच्चों ने पशुओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की ।कृषि और पशु पालन संबंधी तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। यहां बच्चों ने लाइब्रेरी, संग्रहालय, पशु पक्षियों का रिजोर्ट आदि समेत कई महत्वपूर्ण स्थल देखें। शैक्षिक भ्रमण में ब्लाक के कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस अवसर पर बीईओ मुकेश कुमार भारती, कांता प्रसाद गंगवार, यशवंत कुमार, एआरपी शिखा भारतीय, महिमा दीक्षित, उपासना मालिक, किशोर सिंह चौहान, जयपाल श्रीवास्तव, जगमोहन सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, मोहम्मद मोहसिन खान, गजेंद्र सिंह, निहाल खान, राम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार, लक्ष्मी माहेश्वरी, अमर बाबू, आकांक्षा दिवाकर, उवैस रज़ा खां आदि रहे।




आईवीआरआई संग्रहालय के भ्रमण के बाद स्कूलों के बच्चे शिक्षकों के साथ रहे

## न्यूज डायरी



### मिर्जापुर में संतोष का हुआ स्वागत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार मिर्ज़ापुर के चौधरी फार्म पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री गंगवार के साथ उनकी बेटी और अर्बन कोआपरेटिव बैंक की चेयरमैन श्रुति गंगवार भी थीं। राज्यपाल ने बहेड़ी से अपना पुराना और खास रिश्ता बताते हुए कहा कि यहाँ के लोगों से मिला प्यार वह कभी भुला नहीं सकते। श्री गंगवार का यहाँ पहुँचने पर चौधरी आज़ाद सिंह और चौधरी आराम सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। पूर्व प्रमुख कनक चौधरी ने कोआपरेटिव बैंक की चेयरमैन श्रुति गंगवार का स्वागत किया ।इस मौके पर भजन लाल गंगवार, जयेंन्द्र सिंह, अजय जायसवाल बॉबी, सुनील गंगवार और नवाब राशिद खां भी मौजूद रहे।



### पोस्टर-मेकिंग में काजल रहीं प्रथम

**रिठौरा, अमृत विचार :** विश्व जल दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजश्री महाविद्यालय के छात्र– छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए जल की सुरक्षा विषय पर आकर्षक और संदेशप्रद पोस्टर बनाए। विश्व जल दिवस की थीम वॉटर एण्ड जेन्डर व्हेयर वॉटर फ्लोस इक्युलिटी ग्रोज की थीम पर आधारित कार्यक्रम में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त काजल कश्यप ने सेव वॉटर, सेव लाइफ पर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त ज्योति, कशिश गंगवार, रोशनी का प्रदर्शन सराहनीय रहा ।संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने पानी को जीवन का आधार बताया कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ और यह सभी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने संस्थान में आयोजित वैश्विक महत्व के मुद्दों पर जनजागरण हेतु इस तरह के कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर राजश्री ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के स्टाफ मेम्बर्स को बधाई दी।



### वृद्धाश्रम समेत विभिन्न स्थानों पर किया जागरूक

**कैंट अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में सोमवार को एक्साइड फाउंडेशन के द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम की प्रबंधक कांता गंगवार ने बताया, कि वृद्धाश्रम में शिविर लगाकर संस्था द्वारा कला एवं संगीत, साइबर जागरूकता कार्यक्रम, मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम, समग्र कल्याण शिविर, स्वास्थ्य जांच एवं आहार परामर्श, डिजिटल एवं वित्तीय सहायता, स्मार्टफोन का उपयोग, साइबर सुरक्षा, बैंकिंग और पेंशन कार्यक्रम प्रस्तुत कर संवासियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव गौरव मिश्रा, ग्राम प्रधान करेली अक्शा परवीन, जाकिर अंसारी, ज्ञान प्रकाश, अजीम अंसारी, पप्पू अंसारी आदि रहे।



### युवा वाहिनी ने शहीद दिवस पर अर्पित की पुष्पाजंलि

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नगर स्टेशन रोड चौराहे पर हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी कार्यकर्ता, एवं गौ रक्षक विकास ठाकुर ने शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह की बहादुरी और निडरता से युवकों को प्रेरणा लेनी चाहिए। बिना डरे अपने मकसद को पूरा करने वाले भगतसिंह युवाओं के हीरों हैं। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच की भवानी नगर अध्यक्ष रघु प्रताप सिंह नगर महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, गौ रक्षक विकास ठाकुर, विक्की गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव, सनी गुप्ता, गौरव गौतम, एडवोकेट शिवदेव सिंह, सुमित ठाकुर, मोहित पंडितअजय राठौर आकाश राठौर रामवीर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



